फैक्स/महत्वपूर्ण

संख्या- 1 /2016/ 391 /9-1-2016-2बजट/2016

प्रेषक,

सुधीर सिंह चौहान,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
इलाहाबाद।

नगर विकास अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक: 02 फरवरी, 2016

विषय:- माघ मेला, इलाहाबाद 2016 की व्यवस्था हेतु अतिरिक्त बजट की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-12/2015/5271/9-1-2015-2बजट/2015, दिनांक 10 दिसम्बर, 2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से माघ मेला इलाहाबाद 2016 की व्यवस्था हेतु धनराशि रू0-28.00 करोड की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी थी।

2- इस संबंध में आपके पत्र संख्या-710/पन्द्रह-मा0मे0(2015-16), दिनांक 23 दिसम्बर, 2015 पर सम्यक विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि माघ मेला, इलाहाबाद 2016 की व्यवस्था हेतु अतिरिक्त रूप में धनराशि रू0-1,27,64,636/-(रूपये एक करोड सत्ताईस लाख चौंसठ हजार छः सौ छत्तीस मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए उक्त के सापेक्ष उतनी ही धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन स्वीकृति प्रदान करते है :-

(1) उक्त स्वीकृति धनराशि का व्यय उन्हीं मदों में किया जायेगा जिसके लिए धनराशि स्वीकृति की जा रही है।

(2) स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन एवं कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद को समयान्तर्गत अवश्य उपलब्ध कराया जायेगा।

3- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के अनुदान संख्या-37 के लेखा-2053-जिला प्रशासन-आयोजनेत्तर-094-अन्य स्थापनायें-03-माघ मेला अधिष्ठान-42-अन्य व्यय के नामें डाला जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- उक्त आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30 मार्च, 2015 द्वारा प्रशासनिक विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन निर्गत किया जा रहा है।

भवदीय,

(सुधीर सिंह चौहान)
संयुक्त सचिव।

संख्या-1 /2016/ 391(1)/9-1-2015 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. प्रभारी अधिकारी, माघ मेला, इलाहाबाद।
4. कोषाधिकारी, इलाहाबाद।
5. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
6. सुपर वेब यूजर्स/कम्प्यूटर सेल, नगर विकास विभाग को एलाटमेंट/ विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(बिहारी लाल काने)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in